# PROGRESS REPORT

**2019 - 2020**

# Centre for Study of Social Exclusion and Inclusive Policy

**Banaras Hindu University, Varanasi – 221005**
**Email: csseipfssbhu@gmail.com**
**Mobile # 9415028006, 9889279897**

## Centre for Study of Social Exclusion and Inclusive Policy
## Banaras Hindu University, Varanasi – 221005

**About the Centre**

The Centre was established in the year 2008 under the XI plan. The centre distinct emphasis has been to comprehended the different types of social, cultural and economic exclusions and link them with the borderer parameters of social exclusions accepted the social sciences. In way, the centre has objective of studying and researching the various types of conventional and fresh one, both in theoretical understanding and in empirical expositions.
The socially excluded groups in social sciences by and large have been trated merely a category or an identity that refers to a group of people, a cluster of castes, religions, gender or ethnic groups who identify themselves as weaker sections of society. It has been found that social exclusion is not a singular experience. What holds the socially excluded group together is the structural fact that they have all been historically socially excluded, that is, subjected to exclusion of varying degrees and the rejection of their identity. For example, Dalit is related to identity and at the same time is anti-identity (The rejection of ascriptive identity). However, with the passage of time and across the space, the modern academia, with the spurt in ontological and epistemological perspectives on identity formation and historical facts, views that social exclusion is not a permanent state of being but a temporary one; a state determined by the politics of the contemporary times. In the humanities and social sciences and the academic in general, the exclusion of socially depressed groups in state funded institutions despite the policy of positive discrimination continues and remains inadequately addressed. The *subaltern studies* enterprise has yet to admit a dalit historian in its charmed circle. Such structured exclusion leads to a significant number of scholars making dalit, minorities, women and disabled the subject of their research and documentation. However, there are a lot of limitations in the theoretical claims that have been made on behalf of the socially excluded groups by such scholars and the concretized people. Once, that is, Social Exclusion Studies would emerge as an academic discipline, a social exclusion perspective would become a space that the mainstream can seek to occupy and social exclusion would settle into becoming yet another approach for an understanding of the world around us. Thus, in the backdrop of this emerging field for a historical and scientific exploration, those keen on a purposive, progressive politics must be especially alive to this scenario since it threatens to replicate structures of discrimination and exclusion. The Centre is currently running M. Phil. and Ph.D. in subaltern Studies course.

**Aims and Objectives of the Centre**

Banaras Hindu University is establishing this Centre with the following aims and objectives:

- To start a two-year Post-Graduate Course entitled "*Master of Arts in Exclusion Studies*". This course will focus on the nature and dynamics of myriad forms of discrimination and exclusion related to caste, tribes, gender, disabilities, religion, art, literature and media as well as on its various dimensions, i.e. constitutional, legal, socio-political, and economic in regard to the inclusive policy.

- To start M. Phil and Ph.D. courses in "*Subaltern Studies*". At the M. Phil level, the Centre has proposed to orient the seekers of such courses about the theoretical and methodological perspectives in the area of social exclusion and inclusive policy; at the Ph.D. level, the Centre would focus, apart from theoretical and ontological understanding, on the development of the empirical researches in the aforesaid area.

- To promote researches, extension and action programmes towards the theoretical and empirical maturity in comprehending the problems of socially excluded groups. Against this perspective, the students and the faculty of the Centre will be in a position to formulate policies in order to protect the rights of the exploited masses of our society. This exercise will also help the state in its functionality to eradicate the problems pertaining to social exclusion.

- To promote the networking with the similar institutions, Centres and organizations in order to sharpen the perspective on social exclusion.

- To organize the regular lecture series, seminars, symposia and workshops where the scholars will be drawn from the various disciplines, management studies and social sciences as well as political and social leadership and media.

- To organize outreach community programmes on aspects related to social exclusion with the purposeful utilization of PRA and RRA techniques and other community based surveys.

**The Centre has the following sanctioned positions:**

- ***Teaching and research faculty***

  Professor – 1, Associate Professor – 2, Assistant Professor cum Assistant Director – 3 Research Associate – 2,

- ***Non-Teaching Staff***

  Research Assistant – 2, Professional Assistant – 1, Data Entry Operator – 2
  Library Attendant – 1, Attendant – 1

Out of the aforesaid posts the following members are employed:

**A. Teaching and Research Faculty**

| Sl. No. | Name of the Staff | Designation | Contact No. | Email address |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Tej Pratap Singh | Coordinator, CSSEIP | 9415082006 | csseipfssbhu@gmail.com |
| 2. | Dr. Amarnath Paswan | Assistant Professor-cum-Assistant Director | 9839713089 | dramarpaswan@rediffmail.com amarnathpasbhu@gmail.com |
| 3. | Dr. S. D. Sharma | Assistant Professor | 9415062401 | sharad_sharma1974@yahoo.com |

**B. Non-Teaching Staff**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mr. Dasharath Kumar Sharma | Research Assistant | 9889279897 | sharmadk1978@gmail.com; sharmadk_78@yahoo.com |
| 2. | Mr. Vijay Singh | Data Entry Operator | 9935492441 | singh_vijay1979@yahoo.com |
| 3. | Mr. Arvind Kumar Vishvakarma | Data Entry Operator | 9452132303 | rinkusan@gmail.com |
| 4. | Mr. Rajdev | Attendant | 9369218782 | -- |

## ACADEMIC ACTIVITIES DURING THE SESSION (2019-2020)

### Research facilities available for students

- 22 students are admitted in M.Phil Subaltern Studies programme for the session 2019-2020.
- 24 students are admitted in ***M.A. in Social Exclusion and Inclusive Policy*** from the academic session i.e. 2019-2020.

### Special Lecture Series organized during the academic session (2019-2020)

In continuation of the special lecture series the following lectures were organized during the academic session 2019-2020.

| S.No. | Name of Scholars | Topic | Date and Venue |
|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Ajay Kumar Dubey, Centre for African Studies, SIS, JNU | "Discrimination and Marginalization of Indians in Africa" | 11th July 2019 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 2. | Prof. Ajay Kumar Singh, Jamia Hamdard University, New Delhi | "Federalism as Instrument of Socio-Cultural Inclusion: India's Experiences" | 09th Sept. 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 3. | Ms. Avani Patel, Sewa International, Mirzapur | "Role of NGO's in India-USA" | 14th Sept. 2019 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 4. | Prof. Ashish Saxena, Dept. of Sociology, Allahabad University, Allahabad | "Debates on Social Exclusion and Inclusive Development" | 11th October 2019 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 5. | Dr. Milind Kamble, Chairman, DICCI, Mumbai | Dr. B.R. Ambedkar's Vision on Social Inclusio | 06 December 2019 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 6. | Shri S.S. Upadhyay, Legal Advisor to Hon'ble Governor, Uttar Pradesh | "Challenges before Higher Education and Solutions Thereof" | 21st January 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 7. | Shri Frank Rausan Periera, Chief Editor, Rajya Sabha TV, New Delhi | Violence against Women: Fighting the Evil | 27th January 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 8. | Shri KK Verma, Additional Commissioner GST, Varanasi Divison | "Financial Empowerment & Growth Through GST" | 06th February 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 9. | Prof. Ripusudan Singh, BBAU, Lucknow | "Deciphering Global Religion for Inclusive World" | 11th February 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 10. | Prof. Preeti Saxena, Dept. of Human Rights, BBAU, Lucknow | "Protection for Vulnerable Group Through Legal Inclusion" | 29th February 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |
| 11. | Prof. Rajesh Kumar Singh DDU, Gorakhpur | Problem of Terrorism in India" | 03rd March 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | Prof. Kamal Kumar, Dept. of Political Science, Lucknow University, Lucknow | "How to Achieve the Goals of Social Inclusion? A Political Perspective and the Way Out" | 05th March 2020 at CSSEIP, FSS, BHU |

*Note: details of the special lectures are given below*

## *One Day Workshop on Director Democracy at CSSEIP, FSS, BHU*

- दिनांक 27.04.2019 को अपराह्न 11:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में एक दिवशीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ता के रूप में लोक सभा टीवी, नई दिल्ली के श्री रामवीर श्रेष्ठ जी थे। आज के कार्यशाला का विषय **"Direct Democracy"** *था* **/** मुख्य अतिथि लोक सभा टीवी के श्री रामवीर श्रेष्ठ जी ने कहा कि जब हम देश के सिस्टम की ओर देखते है तो तीन बाते साफ दिखाई देती है, पहली वोटर , दूसरी सरकार और तीसरी प्रशासन। बात को आसानी से समझना हो तो वोटर यानि मालिक, सरकार यानि मैनेजर और प्रशासन यानि नौकर। लेकिन 70 साल में इन तीनों में सबसे ज्यादा फायदे में कौन रहा, ये बताने की जरूरत नही। आम धारणा ये है कि जो नौकर है, वो देश को दीमक की तरह से चाट रहा है, नानाजी देशमुख ने सांसदों के 1 महीने के खर्च का ब्यौरा देते हुए उसे करीब ढाई करोड़ बताया था। लोगों को तो ये भी शक है कि नेताओं और नौकरशाहों यानि मैनेजर और नौकर के बीच सांठगांठ है, और ये दोनों मिलकर मालिक को चपत लगा रहे है। ये भी बताने की जरूरत नहीं कि कैसे बेशर्मी से इन नेताओं और नौकरों ने मिलकर मालिक को बताया कि अगर वो गांव में रहता है तो 29 रूपए और शहर में रहता है तो 32 रूपए में उसका काम चल सकता है। उन्होंने ने कहा कि इस पूरी कार्ययोजना में प्रस्ताव है कि देश की 120 डिविजन जिसमें से 5–5 लोग जनसंसद के राष्ट्रीय कार्यकारी मंडल के सदस्य के तौर पर अपनी जगह ले सकते है। हर डिविजन के 5 लोग अपनी–अपनी डिविजन के हर ब्लॉक से एक चूँकि ब्लॉक की आबादी करीब डेढ़ लाख होती है,। इसलिए नगर पालिका और निगमों से हर डेढ़ लाख की आबादी पर भी एक–एक भाग प्रतिनिधि तय करेगें, जिन्हें जन–सासंद कहा जाएगा। मुख्य अतिथि का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। इस विशेष कार्यशाला में भारी संख्या में शिक्षकों जैसे केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में डॉ. विनिता चंद्रा, डॉ. शरद धर शर्मा एवं एम.फिल./पी.एच.डी. सबाल्टर्न अध्ययन के छात्र एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीति विज्ञान के पी.एच.डी./एम.ए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के जय प्रकाश यादव, विशाल सिंह, कन्हैया प्रसाद, अरूण कुमार चौबे, दशरथ कुमार शर्मा, श्वेता शिल्पा, डा. चन्द्रजीत मौर्या एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।




- दिनांक 11.07.2019 को अपराह्न 03:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ता के रूप में जवाहर लाल नेहरू विश्वहवद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. अजय कुमार दुबे जी थे। आज के विशिष्ट व्याख्यान का विषय **"Discrimination and Marginalization of Indians in Africa"** *था।* प्रो. अजय कुमार दुबे जी ने अपने उद्बोधन में अफ्रीका महाद्वीप में भारतीयों की स्थिति एवं समस्याओं पर प्रकाश डाला। प्रो. अजय दूबे जी ने कहा कि भारतीय लोग जो कि अफ्रीका गये थे काफी पहले से ही विभिन्न प्रकार के भेदभाव को झेला है। उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधाऐ नहीं दी। यहां तक की मालाबारी जैसे दूसरों से बुलाया जाता था। जिसका मतलब अधिक ही गरीब तपका वंचित होना था। परन्तु आपज वही भारतीय समुदाय अपने मेहनत, शिक्षा एवं स्किल के आधार पर आज एक पूरी तरह से सम्पन्न समुदाय हो गया है। आज भारतीय समुदाय का अफ्रीका के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से प्रभाव दिखाई देता है। वहां की जी.डी.पी. में भारतीयों का एक अच्छा खासा प्रभाव है। प्रो. दूबे ने बताया कि आज भी इतना प्रभावशाली होते हुए भी कई अफ्रीकी देशों में रोजगार हेतु अफ्रीकी लोगों के साथ ही व्यापार करना होता है क्योंकि व्यापार का लाईसेन्स केवल अफ्रीकी लोगों के नाम से ही मिलता है। मुख्य अतिथि का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. आर.पी. पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों जैसे केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में प्रो. धनश्याम, प्रो. गंगाथरन, प्रो. ताबीर कलाम, प्रो. एच.के. मालविया, डॉ शरद धर शर्मा, डॉ. अमरनाथ पासवान एवं एम.फिल./पी.एच.डी. सबाल्टर्न अध्ययन के छात्र एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीति विज्ञान के पी.एच.डी./एम.ए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के जय प्रकाश यादव, विशाल सिंह, कन्हैया प्रसाद, विदेहे, दशरथ कुमार शर्मा, श्वेता शिल्पा, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, श्री चन्द्रजीत मौर्या एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।
- आज दिनांक 09.09.2019 को अपराह्न 02:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में

एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ता के रूप में जामियॉ हमदर्द विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रो. अजय कुमार सिंह जी थे। आज के विशिष्ट व्याख्यान का विषय ***““Federalism as Instrument of Socio-Cultural Inclusion: India’s Experiences”*** *था।* प्रो. अजय कुमार सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघवाद को पश्चिमी दृष्टिकोण से नही देखा जाना चाहिए क्योंकि भारत में जो संघवाद है वह भारतीय संस्कृति की विविधता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। तथा यहॉ संघवाद पूरी तरह संविधान सभा की बहस में जो मुद्दे उठाये गये थे उन्हीं के आधार पर आधारित है जिसमें राष्ट्रवाद, स्वयात्तता, एकीकरण यहॉ तक कि धार्मिक पहचान को भी मान्यता दी गयी है जैसे सिक्किम में लेप्चा समुदाय को दिये गये अधिकार है। प्रो. सिंह ने यहां तक कहा कि संघवाद को भारतीय परिप्रेक्ष्य मं सही तरीके से समझा जाना चाहिए। क्योंकि संघवाद एक विकसित अवधारणा है। मुख्य अतिथि का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. आर.पी. पाठक ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों जैसे केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में प्रो. रजनी रंजन झा, डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. परिजात प्रधान एवं एम.फिल./पी.एच.डी. सबाल्टर्न अध्ययन के छात्र एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीति विज्ञान के पी.एच.डी./एम.ए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के जय प्रकाश यादव, ब्रिजेश सिंह, विशाल सिंह, राकेश सिंह, श्वेता शिल्पा, दशरथ कुमार शर्मा, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, श्री चन्द्रजीत मौर्या एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।

## *One Day National Seminar on Interfaith Dialogue in India: Concerns and Challenges*




- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय अंतर्गत सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान,

गृह मंत्रालय, भारत सरकार, के सौजन्य से आज 'इंटरफेथ डायलाग इन इंडिया: कंसर्न्स एंड चैलेंजेज' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया. सेमिनार का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धर्मों के साझे तत्वों को लोगों के सामने लाना तथा देश के सम्मुख उपस्थित सांप्रदायिक चुनौतियों व उनके समाधान पर विचार विमर्श करना था. सेमिनार के आयोजन सचिव और संचालक डॉ. अमरनाथ पासवान ने सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र की तरफ से सेमिनार आये सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए 'अंतर-धर्म संवाद' को एक सामयिक आवश्यकता बताया और यह आशा प्रकट की कि इस सेमिनार से न सिर्फ लोगों को विभिन्न धर्मों के मर्म को समझने का अवसर मिलेगा बल्कि उन भ्रांतियों तथा मिथ्या अवधारणाओं के खंडन में भी सहायता मिलेगी जो समाज में धार्मिक विभेद और अंतर-धर्म संघर्ष हेतु उत्तरदायी हैं. डॉ. पासवान द्वारा अतिथियों के स्वागत के बाद सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. टी.पी. सिंह ने केंद्र के द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजन के औचित्य पर प्रकाश डाला और सेमिनार के विषय का परिचय प्रस्तुत किया. जिसके बाद सामाजिक विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आर.पी. पाठक ने विस्तार के साथ भारत में अंतर-धर्म संवाद की लम्बी परंपरा पर प्रकाश डाला और कहा कि इस देश में सभी धर्मों ने दूसरे धर्मों से कुछ न कुछ सीखा और दूसरों को कुछ न कुछ दिया है. सेमिनार के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के सचिव श्री मनोज पंत ने अपने संबोधन में भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताया और इसे बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिष्ठान द्वारा किये जाने वाले कार्यों की चर्चा की. इस अवसर पर सेमिनार में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के सहायक सचिव श्री सौरभ दुबे ने प्रतिष्ठान के कार्यों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि 'राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान' न केवल सांप्रदायिक, जातीय एवं आतंकवादी हिंसा से पीड़ित बच्चों को भौतिक एवं मानसिक पुनर्वास उपलब्ध कराता है बल्कि उनकी देखरेख व शिक्षण प्रशिक्षण के अतिरिक्त सांप्रदायिक सद्भाव, भ्रातृत्व व राष्ट्रीय एकता को भी बढ़ावा देने का कार्य करता है.सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने धर्मों में निहित समावेशी मूल्यों व विचारों पर प्रकाश डाला. हिन्दू धर्म के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में शामिल राजगुरु मठ काशी के पीठाधीश्वर दंडी स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने हिन्दू संस्कृति, इतिहास, धार्मिक ग्रंथों व देवी देवताओं कि चर्चा करते हुए कहा कि वास्तव में हिन्दू धर्म केवल एक धर्म न होकर एक जीवन पद्धति है जो परहित की कामना से संचालित होता है. इस्लाम के बारे में बताते हुए मुफ़्ती-ए-बनारस इमाम अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि यह खुदा का उपदेश है जिसमें मानवता

को सर्वश्रेष्ठ और सभी को समान माना गया है. मुफ़्ती साहब ने इस बात पर जोर दिया कि जो दूसरों के मजहब का सम्मान नहीं करता और दूसरों को दुःख देता है वह मुसलमान नहीं हो सकता. सिख धर्म के प्रतिनिधि गुरुबाग गुरुद्वारा, वाराणसी के सचिव एच. एम. सिंह दुआ ने सिख धर्म के सार तत्व को प्रस्तुत करते हुए बताया कि सिख धर्म की नींव ही सबकी एकता और सद्भावना पर रखी गयी है. उन्होंने इसका उदाहरण देते हुए कहा कि सिखों के धर्म ग्रन्थ 'गुरु ग्रन्थ साहिब' में सभी धर्मों के विचार शामिल किये गए हैं. जैन धर्म के प्रतिनिधि प्रो. अशोक कुमार जैन ने जैन धर्म के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि जैन धर्म समस्त जीव मात्र के कल्याण, अहिंसा और सदाचार पर बल देने वाला धर्म है जिसमें किसी तरह की हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं है. बौद्ध धर्म के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित धम्मा लर्निंग सेंटर, वाराणसी के संस्थापक अध्यक्ष भिक्खु चंदिमा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि धम्म वास्तव में लोक कल्याण, परहित चिंतन का विचार है जो मानव मानव में कोई भेद नहीं करता. ईसाई धर्म के प्रतिनिधि फादर चंद्रकांत ने ईसाई धर्म को अन्य धर्मों के उपदेशों से अलग न मानते हुए बताया कि यद्यपि कुछ परम्पराओं, रीति रिवाजों एवं संस्कृतियों के कारण धर्मों में विभिन्नता होती है तथापि सभी धर्मों का मर्म एक है. सभी धर्म मानवता का पाठ पढ़ाते हैं और सबका उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुखमय, व्यवस्थित और सदाचारी बनाना है. विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों द्वारा अपनी अपनी बात रखने के बाद. तत्पश्चात विभिन्न प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए. इस अवसर पर सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र के असिस्टेंट डायरेक्टर तथा सेमिनार के आयोजन सचिव डॉ. अमरनाथ पासवान के संपादन में सेमिनार हेतु आये शोध पत्रों व आलेखों पर आधारित पुस्तक 'इंटरफेथ डायलाग इन इंडिया: कंसर्न्स एंड चैलेंजेज' का भी विमोचन किया गया. धन्यवाद ज्ञापन सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. एस.डी.शर्मा ने किया. सेमिनार में अन्य लोगों के अतिरिक्त आयोजन समिति के सदस्य प्रो. जे. बी. कोमरैया, डॉ. अभिनव शर्मा, प्रो. ओमप्रकाश भारती, डॉ. ताबीर कलाम, डॉ. भुवाल राम, प्रो. घनश्याम, प्रो. ए. गंगाधरन, डॉ. शरद धर शर्मा, डॉ. आनंद कुमार, राजेश कुमार, मनीष चंद्रा, प्रवीण पाल, श्रेया जायसवाल, निर्भय नारायण, अरुण कुमार चौबे, अवधेश कुमार, प्रियंका कुमारी, आदित्य कुमार पांडेय, श्वेता शिल्पा आदि समेत बड़ी संख्या में छात्र एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे.

- आज दिनांक 14.09.2019 को अपराह्न 02:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ता के रूप में अमेरिका की मिस. अवनी एन. पटेल जी थी। आज के विशिष्ट व्याख्यान का विषय ***"Role of NGO's in India-USA" था।*** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र के द्वारा आयोजित साप्ताहिक परिचर्चा में सेवा इंटरनेशनल के डॉ. गोबिन्द नारायण सिंह एवं अमेरिका के शिकागों से आयी मिस अवनि एन. पटेल ने भारत एवं अमेरिका के एन.जी.ओज की तुलनात्मक समीक्षा प्रस्तुत की। अवनि पटेल ने परिचर्चा में भारतीय और अमेरिकी एन.जी.ओज की कार्यप्रणाली, वित्तीय स्थिति एवं सांदर्भिक अंतर को रेखांकित कियां अवनि पटेल का मानना है कि सामाजिक सेवा क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति एक जैसी ही है। अमेरिकी समाज में वेतनमान में लैगिंक भेदभाव व प्राथमिक स्कूलों में बढ़ती हिंसा मुख्य समस्याएं हैं जबकि भारतीय समाज में जागरूकता की कमी खलती है। परिचर्चा की शुरूआत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने की। मुख्य अतिथि का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया और इस कार्यक्रम अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों जैसे केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. शरद धर शर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार सिंह एवं एम.फिल./पी.एच. डी. सबाल्टर्न अध्ययन के छात्र एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीति विज्ञान के पी. एच.डी./एम.ए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के ब्रिजेश सिंह, विशाल सिंह, राकेश सिंह, श्वेता शिल्पा, राजेश कुमार, अवधेश व्याहुत, दशरथ कुमार शर्मा, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, श्री चन्द्रजीत मौर्या एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।
- आज दिनांक 11.10.2019 को अपराह्न 02:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. आशिश सक्सेना जी थे। आज के विशिष्ट व्याख्यान का विषय ***"Debates on Social Exclusion and Inclusive Development" था।*** प्रो. आशिश सक्सेना जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामाजिक बहिष्करण एक सतत् चलने वाली प्रक्रिया है, इसका विभिन्न देशों में प्रभाव देखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय की अवधारणा का विकास होने के बाद सामाजिक बहिष्करण जैसे मुद्दे विश्वपरत पर आये। प्रो. सक्सेना ने बाताया कि भूमंण्डलीकरण के बाद सामाजिक बहिष्करण अपने पूर्ण रूप में दिखाई देता है। इस बात की रेखांकित करते हुए उन्होंने आदिवासियों की समस्याओं के लिए भूमंण्डलीकरण को एक मुख्य कारण बताया। इस व्याख्यान की अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने की एवं इस कार्यक्रम का संचालन केन्द्र के सहायक प्रवक्ता डा. शरद धर शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया और इस कार्यक्रम अध्यक्षता केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शिक्षकों जैसे केन्द्र एवं विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी उपस्थिति रहें। इस कार्यक्रम में डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. शरद धर शर्मा, डॉ. प्रदीप

कुमार सिंह एवं एम.फिल./पी.एच.डी. सबाल्टर्न अध्ययन के छात्र एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के राजनीति विज्ञान के पी.एच.डी./एम.ए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सामाजिक विज्ञान संकाय के ब्रिजेश सिंह, विशाल सिंह, अवधेश व्याहुत, दशरथ कुमार शर्मा, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, रविन्द्र कुमार मौर्या एवं छात्र/छात्राओं ने सहभागिता की।

## *Seven Days Workshop on "Communal Hormony Compaing Weeks from 19th to 25th November 2019 organized by CSSEIP, FSS, BHU and National Foundation for Communal Harmony, New Delhi*




- आज दिनांक 06.12.2019 को सुबह 11:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में विशिष्ट व्याख्यान **Dr. B.R. Ambedkar's Vision on Social Inclusion** आयोजन किया गया। आज के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि डिक्की के चैयरमैन डॉ. मिलिन्द काम्बले एवं प्रो. देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. श्री प्रकाश सिंह जी थे। प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने विशिष्ट व्याख्यान में कहा कि बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने अपनी विद्वत्ता से ऐसे संविधान की ड्राफ्ट्रिंग की जो कि वर्तमान परिदृश्य में उतना ही प्रासंगिक है जितना कि इसके निर्माण के समय था। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहेब ने बाम्बे हाईकोर्ट के जज की नौकरी इस लिए नहीं की क्योंकि उनका विचार था कि उनके आवश्यकता अनुरूप उनका धर्नाजन हो रहा है अतः आवश्यकता से अधिक धन की आवश्यकता उन्हें नही है। विशिष्ट व्याख्यान के मुख्यअतिथि डिक्की के चैयरमैन डॉ. मिलिन्द काम्बले ने आहवाहन किया कि दलित वर्ग द्वारा उद्यमिता के क्षेत्र में योगदान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने महात्मा बुद्ध के मध्यम मार्ग एवं अप्पो दीपो भवः का मूल मंत्र दिया। प्रो. देवेन्द्र प्रताप सिंह इस अवसर पर महामना पं. मदन मोहन मालवीय एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर के योगदान की चर्चा की। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने

किया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर नाथ पासवान ने किया। श्री चंद्रजीज मौर्या, श्री दशरथ कुमार शर्मा बृजेश कुमार सिंह, रवीन्द्र कुमार मौर्या, श्वेता शिल्पा एवं राजेश कुमार भी उपस्थिति थे। इसमें केन्द्र के समस्त एम.फिल., एम.ए. एवं पी.एच.डी. छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

- आज दिनांक 21.01.2020 को अपराह्न 3:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में विशिष्ट व्याख्यान ***"Challenges before Higher Education and Solutions Thereof"*** था। आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता श्री एस.एस. उपाध्याय, भूतपूर्व जिला एवं सत्र जज एवं लीगल एडवाईजर माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश लखनऊ थे। श्री एस.एस. उपाध्याय ने अपने वक्तव्य उच्च शिक्षा की रूपरेखा, बदलाव एवं चुनौतियों के बारे में अपने विचार रखे। अपने वक्तव्य श्री उपाध्याय ने कहा कि हमारे वैदिक शिक्षा केन्द्र एवं उसकी रूप रेखा तथा क्रियान्वयन अत्यन्त प्रभावशाली था। परन्तु उस प्रकार की शिक्षा प्रणाली को हम आधुनिक भारत में बनाये रखने में सफल नहीं हो सके। श्री एस.एस. उपाध्याय ने यह भी कहा कि स्वतंत्रता के बाद बनाये गये कई कमीशन एवं कमिटियों का गठन किया गया पर इसमें से कोई भी कमीशन सही मायने में उच्च शिक्षा के स्वरूप को समझ न सका। मुख्य वक्ता ने प्राचीन भारत के विश्वविद्यालयों जिसमें नालंदा, ओदांतपुरी, तक्षशिला, विक्रमशिला, वल्लभी, पुष्पगिरी एवं सोमपुरा विश्वविद्यालय के बारे विस्तार से बताया कि उपरोक्त विश्वविद्यालय किस प्रकार भारतीय चिंतन एवं मनीषा को सही आकार दिये थे। परन्तु दुर्भाग्यवश आज विश्वविद्यालय केवल प्रवेश से लेकर उपाधियों के बाटने के कारखाने बन कर रह गये है। श्री एस.एस. उपाध्याय ने पुनः जोर देकर कहा कि हमें उच्च शिक्षा को उत्कृष्टता न्यायसम्यता देने की आवश्यकता है परन्तु उच्च शिक्षा को सभी को प्रदान करने की गलती नहीं करनी चाहिए बल्कि उच्च शिक्षा ऐसे नागरिको के लिए सुलभ होना चाहिए जो कि उच्च शिक्षा में कुछ विशेष करने हेतु अहर्निश प्रयत्नशील है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो. आर.पी. पाठक जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने किया। आज इस कार्यक्रम में संकाय के प्रो. अशोक कुमार कौल, प्रो. अजित कुमार पाण्डेय एवं डॉ. विक्रमादत्त राय आदि लोग उपस्थित थे। श्री चंद्रजीज मौर्या, श्री दशरथ कुमार शर्मा बृजेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, राजीव रौशन कुमार, श्वेता शिल्पा एवं राज श्रीवास्तव भी उपस्थिति थे। इसमें केन्द्र के समस्त एम.फिल., एम.ए. एवं पी.एच.डी. छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

## *One Day National Seminar on "Access to Jusice and Perisoners' Rights, on 29th January 2020 organized by the CSSEIP, FSS, BHU and Public Advocacy Initiatives for Rights and Values in India (PAIRVI), New Delhi*




- आज दिनांक 06.02.2020 को अपराह्न 12:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में विशिष्ट व्याख्यान ***"Financial Empowerment & Growth Through GST"*** था। आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता **श्री के.के. वर्मा, एडिशनल कमीश्नर जी.एस.टी.** वाराणसी थे। श्री के.के. वर्मा ने जी.एस.टी. पर अपना विचार रखते हुये जी.एस.टी. के विभिन्न आयामों को विस्तार से छात्रों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. से ने सिर्फ अधिक टैक्स इक्टठ्ा होगा बल्कि टैक्स चोरी जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने में सहायक साबित हो रहा है। वही प्रो0 राजीव कुमार भट्ट ने जी.एस.टी. का समालोचनात्मक एवं सै़द्धांतिक पक्षों की चर्चा की। उन्होंने बताया कि जी.एस.टी. सरकार के द्वारा कर का 'सहज एवं सरल' उपाय है जिसमें अप्रत्यक्ष टैक्स देने वाले लोगों का दायरा बढ़ा है और जनता पर टैक्स का भार कम हुआ है। केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने जी.एस.टी. के माध्यम से कर एकत्रीकरण करके उस टैक्स से जनता का विकास कैसे हो, इस पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने किया। आज इस कार्यक्रम में संकाय के प्रो. राजीव कुमार भट्ट एवं डॉ. शरद धर शर्मा आदि लोग उपस्थित थे। श्री चंद्रजीज मौर्या, श्री दशरथ कुमार शर्मा बृजेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, राकेश सिंह, राजीव रौशन कुमार, श्वेता शिल्पा एवं प्रियंका त्रिपाठी भी उपस्थिति थे। इसमें केन्द्र के समस्त एम.फिल., एम.ए. एवं पी.एच.डी. छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।

- आज दिनांक 11.02.2020 को अपराह्न 3:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में विशिष्ट व्याख्यान ***"Deciphering Global Religion for Inclusive World"*** था। आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. रिपु सुदन सिंह, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ थे। प्रो. रिपु सुदन सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैश्विक धर्म की आवश्यकता पर विस्तृत एवं विस्तार से चर्चा की जिसमें प्रज्ञावान मानव को ऐसे धर्म को विकसित करने की बात की जिसमें सभी तरह के जीव–जगत, वनस्पतियॉ, मानव के सभी विभेदों से दूर हिंसा मुक्त समाज का निर्माण किसा जा सके। जिसके रास्ते अम्बेडकर के अनीश्वरवादी, धर्म संसद व पथनिरपेक्षता से ही सम्भव है। जो मार्ग बुद्ध धम्मा में लाईटेन टू लाईटेन दर्शन में समझाया। प्रो. अशोक कुमार कौल ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुये धर्म के सन्द्रर्भो पर ध्यान केन्द्रित किया। सार्वजनिक सीानों पर सामान्य समझ/सहमति से जो धर्म बनता है वह सभी समूहों, वर्गो, जाति, नस्लों के हित में होगा। सभी व्यक्तियों की अपनी मूल्य, मान्यतायें में दूसरों के मान्यतायों से अधिक दूरी रखना होगा। सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. आर.पी. पाठक जी ने व्यक्ति के चित्त सुचिता को ही धर्म बताया। सभी अगर अपने – अपने कर्तव्यों का पालन करें तो वह धर्म के वास्तविक रूवरूप को जी रहे हैं। धर्म का तात्पर्य धर्म इति धारते (धारण करना ही धर्म है)। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता संकाय प्रमुख प्रो. आर.पी. पाठक जी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शरद धर शर्मा ने किया। आज इस कार्यक्रम में संकाय के प्रो. अशोक कुमार कौल, डॉ. शरद धर शर्मा आदि लोग उपस्थित थे। श्री दशरथ कुमार शर्मा, विशाल सिंह, श्वेता शिल्पा, आलोक रंजन एवं कृष्ण मोहन उपाध्याय भी उपस्थिति थे। इसमें केन्द्र के समस्त एम.फिल., एम.ए. एवं पी.एच.डी. छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।
- आज दिनांक 05.03.2020 को अपराह्न 1:00 बजे सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में विशिष्ट व्याख्यान ***"How to Achieve the Goals of Social Inclusion? A Political Perspective and the Way Out"*** था। आज के मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रो. कमल कुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ एवं डॉ. ओ.पी.बी. शुक्ला, लखनऊ थे। सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र की व्याख्यान माला श्रृखंला में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. कमल कुमार एवं प्रो. ओ.पी.बी. शुक्ला जी ने सामाजिक बहिष्करण समावेशन के लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जायें? इसके विस्तृत पक्षों पर दृष्टिगत किया। समावेशन के लिये सबसे पहले सकारात्मक दृष्टिकोण की जरूरत पर बल दिया। प्रो. कमल कुमार जी ने बतलाया कि केवल कानून व पॉलिसी ही समावेशन में समर्थ नहीं है बल्कि लोगों व व्यक्तियों के हृदय परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया। वही उन्होंने बतलाया कि भारत को सोशल प्रोटेक्शन पर और अधिक खर्च करने की जरूरत है। समावेशन के लिये सरकार को High quality Education and Medicals Facilties की उपलब्धता पर जोर दिया, भ्रष्टाचार की समस्या का उन्मूलन और quality life के लिये आवश्यक मजदूरी को तय करना होगा। प्रो. शुक्ला जी ने कहा कि पहचान की राजनीति को खत्म करना होगा। जिससे की सभी को समाज की मुख्य धारा में लाया जा सके। इस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं अतिथियों का

स्वागत केन्द्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह ने किया। आज इस कार्यक्रम में संकाय के डॉ0 अरूण कुमार चौबे, डॉ. अमरनाथ पासवान, डॉ. शरद धर शर्मा, आदि लोग उपस्थित थे। श्री दशरथ कुमार शर्मा, विशाल सिंह, आलोक रंजन एवं कृष्ण मोहन उपाध्याय भी उपस्थिति थे। इसमें केन्द्र के समस्त एम.फिल., एम.ए. एवं पी.एच.डी. छात्र छात्राओं ने सहभागिता की।




***Special Lecture on "Discrimination and Marginalization of Indians in Africa" delivered by Prof. Ajay Kumar Dubey, Cetnre for African Studies, SIS, JNU, New Delhi on 11th July 2019***




***Special Lecture on "Federalism as Instrument of Socio-Cultural Inclusion: India's Experiences" delivered by Prof. Ajay Kumar Singh, Jamia Hamdard University, New Delhi on 09th Sept. 2019***



***Special Lecture on "Role of NGO's in India-USA" delivered by Ms. Avani Patel, Sewa International, Mirzapur on 14th Sept. 2019***



***Special Lecture on "Dr. BR. Ambedkar's Vision on Social Inclusion" delivered by Prof. Shri Prakash Singh, New Delhi and Dr. Milind Kamble, Chairman, DICCI, Mumbai on 06th December 2019***



***Special Lecture on "Challenges before Higher Education and Solutions Thereof" delivered by Shri S.S. Upadhyay, Legal Advisor to Hon'ble Governor, Uttar Pradesh on 21st January 2020***



***Special Lecture on "Role of Electronic Media" delivered by Shri Frank Rausan Peierra, Chief Editor, Rajay Sabha TV, New Delhi on 27th January 2020***



***Special Lecture on "Financial Empowerment & Growth Through GST" delivered by Shri K.K. Verma, Additional Commissioner GST, Varanasi Division, Varanasi on 06th February 2020***




***Special Lecture on "Deciphering Global Religion for Inclusive World" delivered by Prof. Ripusudan Singh, BBAU, Lucknow on 11th February 2020***




***Special Lecture on "How to Achieve the Goals of Social Inclusion? A Political Perspective and the Way Out" delivered by Prof. Kamal Kumar, Lucknow University, Lucknow on 05$^{th}$ March 2020***



# शिक्षा व स्किल के बल पर अफ्रीका में भारतीय सम्पन्न समुदाय

वाराणसी (एसएनबी)। जेएनयू नई दिल्ली के प्रो. अजय कुमार दुबे ने कहा कि जो भारतीय बहुत पहले अफ्रीका गये थे वे शुरू से भेदभाव झेल रहे थे। अफ्रीका ने उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी। परंतु वही भारतीय समुदाय अपनी मेहनत, शिक्षा एवं स्किल के आधार पर आज अफ्रीका में पूरी तरह से सम्पन्न समुदाय हो गया है। प्रो. दुबे ने ये बातें काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान संकाय के सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र में गुरुवार को आयोजित 'अफ्रीका में भारतीयों के साथ भेदभाव और सीमांकन' विषयक विशेष व्याख्यान के दौरान कही।

प्रो. दुबे ने कहा कि आज भारतीय समुदाय का अफ्रीका के सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से प्रभाव दिखाई देता है। वहां की जीडीपी में भारतीयों का अच्छा खासा प्रभाव है। प्रो. दुबे ने बताया कि आज इतना प्रभावशाली होते हुए भी कई अफ्रीकी देशों में रोजगार हेतु अफ्रीकी लोगों के साथ ही व्यापार करना होता है, क्योंकि व्यापार का लाइसेंस केवल अफ्रीकी लोगों के नाम से ही मिलता है। स्वागत केंद्र के समन्वयक प्रो. तेज प्रताप सिंह, अध्यक्षता सामाजिक विज्ञान संकाय के संकाय प्रमुख प्रो. आरपी पाठक ने किया। इस मौके पर प्रो. घनश्याम, प्रो. गंगाधरन, प्रो. ताबीर कलाम, प्रो. एचके मालविया, डा. शरद धर शर्मा, डा. अमरनाथ पासवान, जय प्रकाश यादव, विशाल सिंह, कन्हैया प्रसाद, बिदेहे, दशरथ कुमार शर्मा, श्वेता शिल्पा, अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, चन्द्रजीत मौर्या आदि शामिल रहे।

'अफ्रीका में भारतीयों के साथ भेदभाव और सीमांकन' विषयक विशेष व्याख्यान

हिन्दुस्तान 04
• वाराणसी • शनिवार • 14 सितंबर 2019 •

# धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ही भारत की ताकत

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान के सचिव मनोज पंत ने कहा कि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। विभिन्न धर्मों के समन्वय से बने इस देश की विविधता में ही एकता समाहित है। वह शुक्रवार को बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय के समाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केंद्र में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित डायलॉग इन इंडिया विषयक कार्यशाला में बोल रहे थे।




बीएचयू के सामाजिक विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान की ओर से आयोजित कार्यशाला में सम्मानित लोग।

अध्यक्षता कर रहे सामाजिक विज्ञान संकाय बीएचयू के प्रमुख प्रो. आरपी पाठक ने कहा कि भारत में अंतरधर्म संवाद की पुरानी परम्परा रही है। हिंदू धर्म के प्रतिनिधि के रूप में राजगुरु मठ काशी के पीठाधीश्वर दंडी स्वामी अनंतानंद सरस्वती ने देवी देवताओं की चर्चा करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म वास्तव में एक जीवन पद्धति है। मुफ्ती-ए-बनारस इमाम अब्दुल बातिन नोमानी ने कहा कि मानवता सर्वश्रेष्ठ धर्म है। सिख धर्म के प्रतिनिधि केरूप में गुरुबाग स्थित गुरुद्वारा के सचिव एचएम सिंह दुआ ने बताया कि सिख धर्म की नींव ही सबकी एकता व सद्भावना पर रखी गई है। जैन धर्म के प्रो. अशोक कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म समस्त जीव के कल्याण पर आधारित है। बौद्ध धर्म की ओर से धम्मा लर्निंग सेंटर वाराणसी के संस्थापक अध्यक्ष भिक्खु चंदानी ने बताया कि यह धर्म लोक कल्याण व परहित चिंतन का विचार है। ईसाई धर्म के प्रतिनिधि फादर चंद्रकांत ने कहा कि परम्परा व रीति रीवाज भले ही भिन्न हो पर सभी धर्म मानवता का पाठ पढ़ाते हैं। धन्यवाद डॉ. एसडी शर्मा ने दिया। मौके पर प्रो. ओमप्रकाश भारती, प्रो. घनश्याम, प्रो. ए गंगाधरन आदि थे।

*********************